Drishti IAS

प्रेस विज्ञप्ति

तिथि : 16 अगस्त, 2024

चारों परिवारों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन

2 अगस्त (शुक्रवार) को हमने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह मंशा जाहिर की थी कि पिछले माह ओल्ड राजेंद्र नगर के विभिन्न स्थानों/संस्थानों में हुई दो दुर्घटनाओं में जिन चार विद्यार्थियों (नीलेश राय, श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन डाल्विन) का असमय निधन हुआ था, हम उनके शोक-संतप्त परिवारों को ₹10 लाख (प्रत्येक) की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

विज्ञप्ति जारी करने के तुरंत बाद हमारी टीम ने माननीय उपराज्यपाल कार्यालय व दिल्ली पुलिस की मदद से चारों परिवारों के संपर्क सूत्र एकत्रित किये और परिवारजनों से बातचीत की। हर संभव कोशिश की गई कि उनके आत्मसम्मान को ठेस न पहुँचे और वे इस प्रस्ताव पर सहमति दे दें। इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगा पर हमें तसल्ली है कि अंततः चारों परिवारों ने हमारे विनम्र प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और हमारी ओर से यह पुनीत कार्य पूरा हो गया।

यद्यपि ये बच्चे हमारी संस्था से नहीं जुड़े थे किंतु हम पूरी निष्ठा से मानते हैं कि ऐसी त्रासदियों में सभी संस्थाओं की सामूहिक ज़िम्मेदारी बनती है। हम चारों परिवारों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं कि उन्होंने हमारे योगदान को स्वीकार करने की उदारता प्रदर्शित की।

हार्दिक आभार के साथ,
टीम दृष्टि